तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज **मनोहर चौपड़ा** **बनाम** **लोक सूचना अधिकारी, (तहसीलदार पीपाड़ शहर)** सू.अ.अपील संख्या–ऑनलाईन अपील संख्या 353301871952435	नं व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
10/10/25	अपीलार्थी मनोहर चौपड़ा निवासी ग्राम अनावास पोस्ट चिरढ़ाणी, तहसील पीपाड़ शहर, जोधपुर ने सूचना का अधिकार के तहत उनके द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र में दिनांक 06.08.2025 को वर्ष 2023–24 में तहसील पीपाड सिटी में जारी सभी EWS प्रमाण पत्र धारकों की सूची जिसमें लाभार्थी का नाम, पिता का नाम, ग्राम/शहर का नाम, वार्ड संख्या और प्रमाण पत्र क्रमांक अंकित हो से संबंधित सूचना एवं अन्य बिन्दुओं से संबंधित सूचना के लिए लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार, पीपाड़ शहर) को प्रेषित किया गया तथा उक्त लोक सूचना अधिकारी द्वारा सूचना नहीं दी गई, जिससे व्यथित होकर यह अपील पेश हुई। अपील में रेस्पो. पक्ष लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार, पीपाड़ शहर) को नियत सुनवाई तिथि को आवश्यक दस्तावेज सहित (तथ्यात्मक) उपस्थित होने एवं अपीलार्थी को सुनवाई तिथि हेतु आरटीआई पोर्टल के माध्यम से नोटिस जारी किया गया। हमने पत्रावली का अवलोकन किया। नियत सुनवाई तिथि पर रेस्पो. पक्ष अनुपस्थित एवं अपीलार्थी अनुपस्थित। रेस्पो. पक्ष लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार, पीपाड़ शहर) से आदिनांक तक तथ्यात्मक रिपोर्ट प्राप्त नहीं हुई। अतः अपील स्वीकार की जाती है तथा लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार, पीपाड़ शहर) को निर्देशित किया जाता है कि प्रार्थी द्वारा चाही गई सूचना 15 दिवस के भीतर नियमानुसार उपलब्ध करावे, अन्यथा नहीं दिये जाने के कारणों से प्रार्थी को अवगत कराया जावे। आदेश की प्रति संबंधित को सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित हो। आदेश सुनाया गया। (गौरव अग्रवाल) जिला कलक्टर, जोधपुर Signature valid Digitally signed by Gaurav Agrawal Designation: Collector & District Magistrate Date: 2025.10.10 16:39:47 IST Reason: Approved	

RajKaj Ref No.:
18272263